प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 13.12.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– राज्य की भाजपा सरकार के एक साल पूरा होने पर आज रायपुर में आयोजित किया गया जनादेश परब–केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा हुए शामिल।

2– बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच आज हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए।

3– नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा तय की गई।

4– कल प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

**समाचार विस्तार से .....**

**जेपी नड्डा–जनादेश परब**

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार के एक साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आज राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में ''जनादेश परब'' का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वंचित किसान, दलित, युवा और शोषित वर्गों के विकास और सशक्तीकरण के लिए कटिबद्ध है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा सरकार द्वारा बीते एक साल दौरान हासिल की गई उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुशासन स्थापित करने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने हर वर्ष तीन से तेरह दिसंबर तक जनादेश परब मनाने की घोषणा की।

कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने एक हजार एक सौ चौबीस करोड़ रूपए की लागत के एक हजार से अधिक विकास कार्यों का वर्चुअल रूप से भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा विजय शर्मा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम स्थल पर सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाए गए हैं, जहां लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी दी जा रही है।

**माओवादी–मुठभेड़**

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच आज हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से दोनों माओवादियों के शव के साथ ही बारह बोर की दो बंदूक, एक भरमार बंदूक और माओवादी सामग्री बरामद की है।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ और डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी की संयुक्त टीम नेन्ड्रा और पुन्नुर के जंगलों में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर सर्चिंग के लिए निकली थी। इसी दौरान माओवादियों ने जवानों के ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए हैं। घटनास्थल से माओवादियों की बंदूक के अलावा विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

**नगरीय निकाय–उम्मीदवार खर्च**

नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा तय कर दी है। इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना जारी कर दी गई है। नगर निगम चुनाव में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा तीन लाख से अधिक जनसंख्या पर आठ लाख रुपये और तीन लाख से कम जनसंख्या पर पांच लाख रुपये तय किया गया है। वहीं, नगरपालिका परिषद के लिए खर्च की सीमा दो लाख रुपये और नगर पंचायत के लिए पचहत्तर हजार रुपये होगी।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत **भारत के संविधान की विशेषताओं पर गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर की प्रोफेसर डॉक्टर अनुपमा सक्सेना से** ली गई भेंटवार्ता की दूसरी कड़ी का कल प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम कल चौदह दिसंबर को सुबह साढ़े दस बजे आकाशवाणी केंद्र रायपुर से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन**

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के सातवें संस्करण का ग्रैंड फिनाले ग्यारह और बारह दिंसबर को देशभर के इक्यावन केन्द्रों में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ में भी चार शिक्षण संस्थानों में इसका आयोजन हुआ। रायपुर स्थित एमिट यूनिवर्सिटी ने सॉफ्टवेयर श्रेणी में ग्रैंड फिनाले की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में इकतीस टीमों ने भाग लिया।

ग्रैंड फिनाले कल देर शाम संपन्न हुआ। इसमें सात टीमें विजेता घोषित की गई है, जिनमें से दो संयुक्त विजेता रही है। दृष्टि श्रेणी में प्रथम स्थान कोयम्बटूर के श्रीकृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने हासिल किया। धरोहरधारा श्रेणी में कोलकाता की टेक्नोमेन सॉल्टलेक और चेन्नई के श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज संयुक्त विजेता रहे। वहीं, स्वास्थ्य इन्फीनिटी श्रेणी में दिल्ली की इंदिरा गांधी टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर विमेंन विजेता घोषित की गई।

एमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर की डिप्टी प्रो वाईस चांसलर प्रोफेसर डॉक्टर सुमिता दवे ने आयोजन के बारे में आकाशवाणी समाचार को विस्तार से जानकारी दी।

**राष्ट्रीय लोक अदालत**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा कल चौदह दिसंबर को प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों और व्यवहार न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आपसी सुलह–राजीनामा के जरिए मामलों का निपटारा किया जाएगा। इसमें मोटर दुर्घटना दावा, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा राजस्व, बैंक, विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग, नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत में वसूली संबंधी लंबित मामले जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जाएंगे।

## बस्तर–ओलंपिक

बस्तर ओलंपिक के तहत आज से जगदलपुर में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता शुरू हो गई है। यह प्रतियोगिता जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शनीय स्टेडियम के अलावा धरमपुरा और पंडरीपानी खेल परिसर में आयोजित की जा रही है। इसमें बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के करीब तीन हजार खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में करीब तीन सौ आत्मसमर्पित नक्सली भी हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा नक्सली हिंसा में दिव्यांग हुए करीब अट्ठारह खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

## समाचार संक्षेप में ...

– राष्ट्र आज उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है, जिन्होंने तेईस साल पहले तेरह दिसंबर दो हजार एक को आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवा दी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

– प्रयागराज महाकुंभ के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा वर्तमान में रद्द की गई सारनाथ एक्सप्रेस का नियमित परिचालन सत्रह दिसंबर से पुनः शुरू किया जाएगा।

– कोरबा जिले की एक दिव्यांग छात्रा ने बिलासपुर में हॉस्टल की दूसरी मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि दो महीने पहले ही इस छात्रा ने कंप्यूटर कोर्स में दाखिला लिया था।

– कोरबा जिले के ग्राम केराकछार में चौंसठ हाथियों के दल ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने चालीस किसानों की बाड़ी में घुसकर पांच सौ से अधिक आम के पौधों को उखाडकर तोड़ दिया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>